web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 25

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आतंकियों पर शिकंजा: जम्मू-कश्मीर सीआईके ने कई स्थानों पर छापेमारी की

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर सीआईडी की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) विंग ने गुरुवार को आतंकवाद से जुड़े अपराध मामले में कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की। आतंकवाद से संबंधित अपराध मामले की जांच के हिस्से के रूप में ये छापेमारी की गई। सीआईके अन्य सुरक्षा एजेंसियों की सहायता से, आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने और कश्मीर में शांति और स्थिरता के लिए किसी भी संभावित खतरे को विफल करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। सीआईके की कार्रवाई निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों के निरंतर समर्पण को उजागर करती हैं। सूत्रों ने कहा, गुरुवार की छापेमारी के संबंध में अधिक जानकारी और अपडेट बाद में उपलब्ध कराए जाएंगे।

### राजस्थान में पत्नी की आत्महत्या के बाद जम्मू-कश्मीर में सिपाही ने खुद को मारी गोली

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने यह जानने के बाद खुद को गोली मार ली कि उसकी पत्नी ने राजस्थान में घर पर आत्महत्या कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के हेड कांस्टेबल राजेंद्र यादव घाटी के कुपवाड़ा जिले में तैनात थे। उन्हें जब पता चला कि उनकी पत्नी, अंशू यादव ने मंगलवार को राजस्थान के धीरपुर गांव में अपने घर में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है, तो बीएसएफ जवान ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने कहा कि पत्नी द्वारा चरम कदम उठाने से पहले दंपति के बीच फोन पर झगड़ा हुआ था। आठ माह पहले उनकी शादी हुई थी। अधिकारियों ने कहा, बीएसएफ जवान का शव गुरुवार को उनके घर पहुंचेगा।

### विद्युत तार की चपेट में आकर मां बेटी की दर्दनाक मौत

**सिरसिया/श्रावस्ती (आरएनएस)।** करंट की चपेट में आने से मां बेटे की मौत हो गई। एक साथ घर से मां और बेटे की अर्थी निकलने से परिवार कोहराम मचा हुआ है। सिरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत्य पिपरहवा जोगागांव निवासी 13 वर्षीय सिराज पुत्र अकरम बृहस्पतिवार सुबह करीब 9 बजे आंगन में बंधे तार पर कपड़ा सूखने के लिए डालने गया था तभी बगल में ही घर की बिजली सप्लाई के लिए तार खींचा हुआ था जो कटा था और लोहे के तार से टच कर रहा था। जैसे ही सिरान तार पर पकड़े डालने लगा तभी वह करंट की चपेट में आ गया और तार से चिपक गया। बेटे को चिपका देख मां गुडिय़ा शोर मचाती हुई बेटे को तार से छुड़ाने दौड़ पड़ी। इस दौरान मां बेटे दोनों करंट की चपेट में आ गए। और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंचे और केबिल को काटकर अलग किया। लेकिन तबतक मां बेटे दोनों की मौत हो चुकी थी। भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। एक साथ दो मौतों से गांव में मातम पसरा हुआ है। घर से एक साथ मां बेटे का जनाजा निकलने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### अमेरिकी सेना ने इराक में तीन ड्रोन मार गिराए

**वाशिंगटन ।** यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि इराक में अमेरिकी बलों को निशाना बनाने वाले तीन ड्रोनों को मार गिराया गया, लेकिन गठबंधन बलों को मामूली चोटें आईं। जारी एक बयान में, सेंटकॉम ने कहा, 24 घंटों में, अमेरिकी सेना ने इराक में अमेरिकी और गठबंधन बलों को तीन ड्रोनो के हमले से बचाया। पश्चिमी इराक में, अमेरिकी बलों ने दो ड्रोनों को नष्ट कर दिया। उत्तरी इराक में अमेरिकी बलों ने एक अन्य ड्रोन को नष्ट कर दिया। सेंटकॉम ने कहा कि हम इराक और क्षेत्र में स्थिति की सतर्कता से निगरानी कर रहे हैं। यह घटनाक्रम इस्राइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष के मद्देनजर क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है।

# प्रदेश में पहले चरण के लिए पांचवे दिन 114 नामांकन पत्र दाखिल

**❑ पहले चरण के लिए अब तक 127 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए 201 नामांकन पत्र**




रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज पांचवे दिन 114 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस प्रकार पहले चरण के लिए अब तक कुल 127 अभ्यर्थियों ने 201 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

आज पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में 16, भानुप्रतापपुर, नारायणपुर, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में 9-9, अंतागढ़ में 8, राजनांदगांव और चित्रकोट में 7-7, कवर्धा, मोहला-मानपुर और बस्तर में 6-6, दंतेवाड़ा में 5, डोंगरगढ़, खुज्जी, केशकाल, कोंटा में 4-4, कोण्डागांव में 3, डोंगरगांव, कांकेर, बीजापुर में 2-2 और खैरागढ़ में 1 नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 विधानसभा क्षेत्रों सहित राजनांदगाँव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

## दो पंचायत सचिव पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना

**❑ डिप्टी कलेक्टर और पंचायत सचिव की जांच व अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश**

**❑ राज्य सूचना आयुक्त की कार्यवाही**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने आवेदकों को समय पर सूचना देने में लापरवाही बरतने और सूचना का अधिकार अधिनियम का समुचित क्रियान्वयन नहीं किए जाने पर ग्राम पंचायतों के 2 सचिव पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने बलौदाबाजार जिले के नगरदा ग्राम पंचायत के सचिव गोटीलाल पटेल और महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत परधिया के सचिव अरुण बुढेक पर यह जुर्माना लगाया है। राज्य सूचना आयुक्त ने संबंधित जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को जुर्माने की राशि वसूल कर शासन के खाते में जमा कर आयोग को पालन प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं।

राज्य सूचना आयुक्त ने एक आवेदक को दो वर्ष विलंब से जानकारी देने के मामले में तत्कालीन जन सूचना अधिकारी एवं महासमुंद जिले के पिथौरा के तहसीलदार बनसिंह नेताम के विरुद्ध सामान्य प्रशासन विभाग को जांच कर दोषी पाए जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नेताम वर्तमान में सुकमा जिले में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ है। इस प्रकरण में यह पाया गया है कि तत्कालीन जन सूचना अधिकारी तहसीलदार पिथौरा ने यह कहा है कि उन्हें पंजीकृत डाक से भेजा गया आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अतः राज्य सूचना आयुक्त ने सामान्य प्रशासन विभाग को किसी सक्षम अधिकारी से इस तथ्य की जांच कराने कहा है कि आवेदक द्वारा पंजीकृत डाक से भेजा गया मूल आवेदन जन सूचना अधिकारी के कार्यालय में प्राप्त हुआ है अथवा नहीं। और यदि प्राप्त हुआ है तो किस कर्मचारी के द्वारा प्राप्त किया गया है और उसके द्वारा मूल आवेदन को जन सूचना अधिकारी के संज्ञान में क्यों नहीं लाया गया। यदि जांच में तत्कालीन जन सूचना अधिकारी नेताम दोषी पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

एक अन्य प्रकरण में महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत बोइरलामी के तत्कालीन जन सूचना अधिकारी वृदावन विश्वकर्मा के विरुद्ध वर्तमान जन सूचना अधिकारी को संपूर्ण प्रभार नहीं देने, प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष सुनवाई में 15 दिवस में जानकारी उपलब्ध करा देने का कथन करने और प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश के बाद भी आवेदक को जानकारी नहीं देने के लिए विश्वकर्मा के विरुद्ध नियमानुसार जांच कर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ को दिए गए हैं।

## मां से झगड़ा होने पर पिता ने डेढ़ साल के बच्चे को झील में फेंका, मौत



**मैसूर (आरएनएस)।** एक चौंकाने वाले मामले में, एक व्यक्ति ने अपने बेटे को मैसुरू के एक झील में फेंककर मार डाला। पुलिस ने गुरुवार को ये जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि घटना पेरियापटना पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई और आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान पेरियापटना शहर के पास मकोडू गांव के निवासी गणेश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी और उसकी पत्नी लक्ष्मी से तीन बच्चे हैं। पहले दो बेटियां हैं और तीसरे बच्चे की डिलीवरी के दौरान लक्ष्मी की मौत हो गई।

गणेश ने अपनी दो बेटियों को अपनी मां अंजनम्मा के पास गांव में छोड़ दिया था और अपने बेटे को बेंगलुरु ले गया था। बाद में वह गांव लौट आया और अपनी मां के साथ रहने लगा। चार दिन पहले वह अपनी मां से झगड़ा कर डेढ़ साल के बेटे को घर से ले गया। बाद में उसने बच्चे को झील में फेंक दिया और गायब हो गया।

ग्रामीणों ने झील में बच्चे का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। घटनाक्रम के बारे में पता चलने के बाद आरोपी की सास ने उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और संदेह जताया कि उसने बच्चे की हत्या कर दी होगी। पुलिस ने बुधवार को गणेश को पकड़ लिया, जिसने अपराध कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि वह बच्चे की देखभाल करने में सक्षम नहीं था, इसलिए उसने उसे लेक में फेंक दिया। आगे की जांच जारी है।

**जमीनी विवाद में रिश्तों का कत्ल**

## एक ही परिवार के पांच लोगों की जहर देकर हत्या



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से एक बहुत ही हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक ही परिवार के 5 सदस्यों को जहर देकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में 2 आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाओं की पहचान संघमित्रा कुम्भारे और रोजा रामटेके के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार के पांच सदस्यों की एक महीने में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पैतृक संपत्ति के विवाद और अन्य विवाद में परिवार के सदस्यों को जहर दिया गया।

एसपी नीलोत्पल ने बताया कि बीते कुछ दिनों में शंकर पिरु कुम्भारे और उनके परिवार के चार सदस्य अचानक बीमार हुए और 20 दिनों के भीतर पांचों लोगों की मौत हो गई। पहले 20 सितंबर 2023 को शंकर कुम्भारे और उनकी पत्नी विजया कुम्भारे बीमार हुए और उन्हें अहेरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें नागपुर भेजा गया। जहां 26 सितंबर को शंकर कुम्भारे और अगले दिन यानी 27 सितंबर को विजया कुम्भारे की मौत हो गई।

इसके बाद शंकर की बेटी कोमल दाहागांवकर और शंकर का बेटा रोशन कुम्भारे और रोशन की बेटी आनंदा भी बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हो गए। अस्पताल में भी उनकी हालत बिगड़ती गई और 8 अक्तूबर को कोमल, 14 अक्तूबर को आनंदा और 15 अक्तूबर को रोशन कुम्भारे की भी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिलाओं ने इन पांच सदस्यों के अलावा दो अन्य लोगों को भी जहर दिया था लेकिन फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

पुलिस ने बताया कि अचानक से परिवार के पांच लोगों की मौत होने पर उन्होंने मामले की जांच गंभीरता से की तो शंकर कुम्भारे की बहू संघमित्रा कुम्भारे और शंकर के साले की पत्नी रोजा रामटेके की संलिप्तता नजर आई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी महिलाओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपी महिलाओं ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और जहर देने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सुशांत सिंह राजपूत डेथ केस में नया मोड़ : आदित्य ठाकरे ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा, सीबीआई जांच की मांग



**मुंबई (आरएनएस)।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत व उनकी पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में सीबीआई जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले उनका पक्ष सुने जाने की मांग करते हुए आदित्य ठाकरे ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वकील राहुल अरोटे के माध्यम से 13 अक्टूबर को दायर अपने आवेदन में आदित्य ठाकरे ने कहा कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि मामले की जांच पहले से ही राज्य मशीनरी द्वारा की जा रही है। 20 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई हो सकती है।

इस साल सितंबर में 'सुप्रीम कोर्ट एंड हाई कोर्ट लिटिगेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष राशिद खान पठान के माध्यम से दायर जनहित याचिका में सुशांत सिंह राजपूत और दिशा सालियान की रहस्यमय मौतों के संबंध में आदित्य ठाकरे की तत्काल गिरफ्तारी और हिरासत में पूछताछ की मांग की गई थी। जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसी मामले में ठाकरे के वकील अरोटे ने कहा, 'हमने एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया, जिसमें कहा गया है कि कोई भी आदेश पारित करने से पहले हमें सुना जाना चाहिए। हमने कहा है कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि सुशांत सिंह राजपूत मामले की जांच पहले से ही सीबीआई द्वारा की जा रही है।'

अरोटे ने कहा, 'किसी जनहित याचिका में कोई भी आदेश कैसे पारित किया जा सकता है, जब एक राज्य मशीनरी पहले से ही जांच में लगी हुई है।' जनहित याचिका में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे की जांच करने और एक व्यापक जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

### तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलटी, छह लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

**ला पाज़ ।** पश्चिमी बोलीविया में एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा स्थानीय समय के अनुसार बीती रात करीब नौ बजे (अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार तडक़े एक बजे) चरज़ानी के पास हुआ। जानकारी के अनुसार चरज़ानी के पास एक तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार करीब छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## बिजनौर में बाघ के हमले से वनकर्मी की मौत



**बिजनौर (आरएनएस)।** यूपी के बिजनौर जिले में बाघ के हमले से वन विभाग के एक कर्मचारी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अपने सहकर्मियों के साथ कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज अंतर्गत एक वन क्षेत्र में गश्त पर गया था। मृतक की पहचान बिजनौर के धारा गांव निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है।

पवन जब अपने सहकर्मियों के साथ कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज अंतर्गत सैंडिल बांध के पास गश्त कर रहा था, तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया। उसे घसीटकर वन क्षेत्र में ले जाने की कोशिश की, लेकिन युवक की चीख-पुकार से सहकर्मी सतर्क हो गए और वे उसे बचाने के लिए दौड़ पड़े। शोर सुनकर बाघ युवक को छोडक़र जंगल की ओर भाग निकला।

घायल पवन उपचार के लिए नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक धीरज पांडे ने घटनास्थल का दौरा किया और बताया कि टाइगर के हमले से वन विभाग के एक कर्मचारी मौत हो गई। साथ मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा, हम भविष्य में किसी भी मानव हताहत को रोकने के लिए कदम उठा रहे। वन विभाग को ट्रैप कैमरा लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। साथ ही, स्थानीय लोगों को भी वन क्षेत्र के पास नहीं जाने की सलाह दी।

## गुजरात में उपद्रवियों ने ट्रेन पर किया पथराव, कोच की खिड़की टूटी, यात्रियों में हड़कंप



**नवसारी (आरएनएस)।** गुजरात के नवसारी जिले में बांद्रा-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर उपद्रवियों के पथराव के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गुरुवार को जांच के आदेश दिए। 18 अक्टूबर की रात हुई इस घटना में एक कोच की खिडक़ी टूट गई। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के दौरान यात्रियों में हडक़ंप मच गया।

एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे अधिनियम की धारा 154 के अनुरूप अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की गई है। यह घटना मरोली रेलवे स्टेशन के पास हुई, जो नवसारी और सूरत जिलों की सीमा में स्थित है। घटना में बी3 कोच की खिडक़ी का शीशा, विशेष रूप से सीटों 41 और 42 के बगल का, टूट गया, लेकिन उक्त सीटों पर बैठे यात्री सुरक्षित बच गए। मामले की अभी जांच चल रही है।

## आईआईटी-खड़गपुर के मृतक छात्र के परिजनों ने आत्महत्या के लिए संस्थान को ठहराया जिम्मेदार

**कोलकाता (आरएनएस)।** आईआईटी-खडग़पुर के चौथे वर्ष के एक छात्र के छात्रावास के कमरे में मृत पाए जाने के एक दिन बाद, उसके माता-पिता ने गुरुवार को संस्थान के संकाय के एक वर्ग को अपने बेटे की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि के. किरण चंद्रा को संकाय के अनावश्यक दबाव के कारण यह चरम कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। गुरुवार सुबह मृतक के पिता और चाचा अपने गृह राज्य तेलंगाना से विश्वविद्यालय पहुंचे और दावा किया कि किरण एक विशिष्ट अवधि के भीतर एक परियोजना को पूरा करने को लेकर संकाय के एक वर्ग से भारी दबाव में था।

मृतक के पिता ने कहा, अगर किरण कहीं पिछड़ रहा थाा, तो संस्थान के अधिकारी हमें सूचित कर सकते थे।

दबाव सहन नहीं कर पाने के कारण हमारे बेटे ने यह कदम उठाया। हालांकि, मृतक के पिता और चाचा ने पुष्टि की कि वे आईआईटी-खडग़पुर अधिकारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही शुरू नहीं करेंगे, क्योंकि इससे किरण वापस नहीं आएगा। इस बीच, आईआईटी-खडग़पुर ने भी एक बयान जारी कर मौत की पुष्टि 'आत्महत्या' के रूप में की है।

गौरतलब है कि पिछले साल से यह संस्थान परिसर में छात्रों की रहस्यमयी मौतों के कारण राष्ट्रीय सुर्खियों में है। अक्टूबर 2022 में संस्थान परिसर में एक छात्र फैज़ान अहमद की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई।

उसके मामले में भी शव हॉस्टल के एक कमरे से बरामद किया गया था। मामला कलकत्ता हाईकोर्ट के स्तर तक पहुंच गया। इसी साल जून में एक और छात्र सूर्या दीपेन परिसर में मृत पाया गया।

## यथार्थ ग्रुप के हॉस्पिटल्स पर आईटी रेड, कई ठिकानों पर इनकम टैक्स अधिकारियों की छापेमारी जारी

**नोएडा (आरएनएस)।** टैक्स की हेरा-फेरी के मामले में शिकायत के बाद नोएडा के यर्थाथ ग्रुप पर इनकम टैक्स के अधिकारियों ने रेड डाली है। उनको लगातार टैक्स में हेर-फेर और अनएकाउंटेंड ट्रांजेक्शन की शिकायत मिल रही थी। रेड दिल्ली यूनिट की टीम कर रही है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे यर्थाथ ग्रुप के नोएडा, ग्रेटर नोएडा के अलावा कई अन्य ठिकानों पर एक साथ रेड शुरू की गई। इसमें नोएडा यूनिट की भी मदद ली जा रही है। रेड लंबी चलने की उम्मीद है। बता दें कि नोएडा का ये दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल का ग्रुप है। इससे पहले मेट्रो और नियो अस्पताल पर भी इनकम टैक्स की रेड हो चुकी है। नोएडा में सेक्टर-110 के अलावा ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में यर्थाथ अस्पताल है। इसके अलावा इनके रीजनल ऑफिस और एडमिन से जुड़े लोगों के यहां भी रेड की जा रही है। दस्तावेजों और इनपुट के आधार पर सवाल जवाब किए जा रहे हैं। अस्पताल की इनडोर और आउटडोर ओपीडी में मरीजों को कोई परेशानी नहीं है। बता दें दिल्ली यूनिट की कई टीम इस रेड को कंडक्ट कर रही है। रेड दो से तीन दिन तक भी चल सकती है।